Title: Need to set up a heavy industry in Bah Tehsil in Agra district, U.P.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद): उत्तर प्रदेश के आगरा जनपद की तहसील वाह अत्यधिक पिछडी तहसील है। इसी तहसील से सटी मध्य प्रदेश एवं राजस्थान की सीमाएं हैं। यह दस्यु प्रभावित क्षेत्र है। यहां बेरोजगारी की भयंकर समस्या है। इसी वजह से वहां के नौजवान, बंदूक से रिश्ता कायम कर लेते हैं, जो उनकी मजबूरी है। आजादी के बाद इस क्षेत्र में रोजगार सृजन का कोई व्यवस्थित प्रयास नहीं हुआ है। जिससे काफी लोग यहां से पलायन भी कर गए हैं। यह अत्यधिक गंभीर समस्या है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि आगरा जनपद की वाह तहसील में एक बड़ा कारखाना लगाया जाये, जिससे वहां के लोगों को रोजगार मिल सके।